# सीबीएसई 12वीं रिजल्ट : टॉप 10 में 8 बेटियां

## जिले की मेरिट लिस्ट में बेटियों ने दबदबा बनाया, टॉपर को मिले 98 प्रतिशत से ज्यादा अंक

### स्वामी विवेकानंद विद्यालय की दिशा सक्सेना और आशिता साहा ने किया जिला टॉप



| दिशा सक्सेना | आशिता साहा | प्रयाग शाक्यवार | संजू विश्नोई | प्रियांशी राठौर | प्रेम खत्री | प्रियंका सिसोदिया | किरण मिश्रा | आर्वा सब्बीर हुसैन | वंशिका माहेश्वरी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 98 .6 % | 98 .0 % | 95 .6 % | 95 .2 % | 95 .2 % | 94.6% | 93 .8 % | 93 .6 % | 93 .0 % | 93 .0 % |
| स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ | स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ | स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ | स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ | जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगढ़ | फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल, सारंगपुर | इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, ब्यावरा | स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ | ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, ब्यावरा | फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल, सारंगपुर |

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 मई, का. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में इस वर्ष राजगढ़ जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 स्थानों में से 8 स्थानों पर कब्जा जमाया. जिले में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर क्रमशः दिशा सक्सेना (98.6 ) तथा आशिता साहा (98.0) प्रतिशत रहीं. उल्लेखनीय है कि दोनों ही छात्राएँ स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ की छात्राएँ हैं तथा उन्होंने इसी विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक अध्ययन किया है. दोनों सहेलियों की इस असाधारण उपलब्धि पर सीबीएसई तथा समस्त जिला परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं.**

दिशा सक्सेना और आशिता साहा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, प्राचार्य, अपने माता-पिता तथा स्वयं की नियमित स्व-अध्ययन को दिया है. टॉपर्स ने आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि नियमित रूप से विद्यालय जाना ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है. जिला राजगढ़ के सीबीएसई डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ए साहा, प्राचार्य स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ ने बताया कि जिले में कुल 25 सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय संचालित हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लगभग 850 विद्यार्थी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए. परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन हेतु जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे. उन्होंने बताया कि इस वर्ष कक्षा 12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन ओएसएम प्रणाली के माध्यम से किया गया.

### मास्टर माइंड स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सारंगपुर 13 मई, सं .** सीबीएसई के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए, जिसमें नगर के एक मात्र विद्यालय मास्टर माइंड स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया . विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा, जिसमें अधिकांश छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए . आस्था चौरसिया पिता विशाल चौरसिया ने 92 .6 प्रतिशत, आयुष मेवाड़ा नारायण सिंह मेवाड़ा ने 91 .2 प्रतिशत, शाक्षी यादव पिता जितेंद्र यादव ने 88 .2 प्रतिशत, काशफा अली पिता असरफ अली ने 87 प्रतिशत, दीपिका मीणा पिता हरिओम मीणा ने 85 .6 प्रतिशत, नेहा गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता ने 85 .2 प्रतिशत, योगिता गुर्जर पिता कालुसिंह गुर्जर ने 84 .6 प्रतिशत, अदिति गौर पिता मुकेश गौर एवं देवेंद्र भिलाला पिता राधेश्याम भिलाला ने 82 .4 प्रतिशत, अलफिशा मंसूरी पिता अल्ताफ मंसूरी ने 80 .6 प्रतिशत, कनक सोमानी पिता दुर्गेश सोमानी ने 80 .2 प्रतिशत, जया गुर्जर पिता शोभराज गुर्जर ने 79 .4 प्रतिशत, यशपाल राजपूत पिता चंदर सिंह राजपूतने 78 .4 प्रतिशत, अनुष्का पाण्डेय पिता आशीष कुमार पांडे ने 78 .2 प्रतिशत, शैवी गुप्ता पिता अनिल कुमार गुप्ता एवं सुमित मकवाना पिता धीरज सिंह मकवाना ने 78 प्रतिशत, सुनिधि वैद्य पिता आशुतोष वैद्य ने 77 .8 प्रतिशत, विकास मीणा पिता हरिओम मीणा ने 76 .8 प्रतिशत, अनुष्का पालीवाल पिता पंकज पालीवाल ने 76 .6 प्रतिशत, कनिष्क सोलंकी पिता प्रकाश कुमार सोलंकी ने 76 .4 प्रतिशत, सतीश लववंशी भानु सिंह लववंशी ने 75 .8 प्रतिशत, बलराम चौहान पिता प्रेमनारायण चौहान ने 75 .6 प्रतिशत, मोहिट पाटीदार पिता सुभाष पाटीदार एवं परिधि शर्मा पिता प्रदीप शर्मा ने 75 .2 प्रतिशत तथा सुमित शर्मा पिता रामबाबू शर्मा ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए . विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्था प्रमुख श्री सी .पी . पाटीदार, प्राचार्या श्रीमती रंजना सक्सेना, शिक्षिका श्वेता जोशी, हीरोजित हॉबीजम, विष्णु गोवा, राधेश्याम भिलाला, नवीन पाटीदार, रोहित वर्गेडिया, धर्मेंद्र सिंह डोडिया, वीरेंद्र पाटीदार, विजय मंडलोई, कपिल कुंभकार, रजत शर्मा, विकास पाटीदार आदि ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं .



### संस्कार एकेडमी के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया

**नवभारत न्यूज, पचोर 13 मई, सं .** संस्कार एकेडमी पचोर का कक्षा 12वीं वी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा . इस वर्ष विद्यालय से कुल 33 विद्यार्थियों में से 27 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 06 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया . विद्यालय के कॉमर्स ग्रुप की छात्रा ऋषिका दुबे ने 91 प्रति अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, वहीं मैथ्स ग्रुप की छात्रा आभा पाटीदार ने 90 .2 प्रति ., कॉमर्स ग्रुप से गोविंद चंद्रवंशी 87 .6, दर्श डांगरा 85 .8, रेणुका यादव 85 .6, अभिषेक पंवार 83 .6, पूनम चौरसिया 82 .2, सुजल शर्मा 81 .6, दीपांशी गोयल 81 .2, मुस्कान चौहान 81 .2, भव्य बंसल 81, कामना गुप्ता 75 .6, अनुष्का जादौन 75, माधव भिलाला 71 .6, भाग्यश्री पच्चीसिया 71 .4 तथा साइंस ग्रुप से कृष्णांश गुप्ता 86 .4, आर्यन गांधी 85, कनक यादव 84 .6, ध्रुप गुदेन 76 .4, अभिषेक गुर्जर 76, हर्षिल गुप्ता 74 .6, युक्ति चौहान 70 .2 प्रतिशत आदि विद्यार्थियों ने प्रतिभा का परिचय दिया . इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा, कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कवंलप्रीत, रूबी राजपूत पीजीटी शिक्षक रोहित शर्मा, अनिल द्विवेदी, जितेंद्र सिंह राठौड़, देवेंद्र सिंह, विवेक गुप्ता, नितिन गोयल ने विद्यार्थियों शुभकामनाएं प्रेषित की .



### प्रो . संतोष मित्तल स्कूल का शानदार परिणाम

**नवभारत न्यूज, पचोर 13 मई, सं .** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं परिणाम में प्रो . संतोष मित्तल हॉ से स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और नगर स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है . वाणिज्य संकाय में छात्रा एकता शर्मा ने 95त्न अंक प्राप्त कर राजगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कृष्णा टांक ने 94 .8 प्रति . अंक के साथ जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया . विज्ञान संकाय में देवराज सांखला ने 92 .4 प्रति . अंक के साथ पचोर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया . कला संकाय में भी विद्यालय के छात्र देवेंद्र पाराशर ने 92 प्रति . अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान अर्जित किया . विद्यालय का समग्र परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा . कुल 93 विद्यार्थियों में से 79 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की . इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रबंधक संजय सोनी ने सफलता का श्रेय समर्पित शिक्षक, मेहनती विद्यार्थी और विश्वास से भरा वातावरण को दिए . प्राचार्या मनिता पोखरना ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है . विद्यालय प्रबंधन से विनोद राठी, गोपाल गोयल एवं सत्यनारायण गुप्ता ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी .





# अग्निकांड में झुलसे व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

## गंभीर रूप से झुलस गए थे बलराम गुर्जर, बुधवार सुबह दम तोड़ा

नवभारत न्यूज

**पचोर 13 मई, सं. गत दिवस मेसर्स चुन्नीलाल मुन्नीलाल पेट्रोल पंप पर हुए अग्निकाण्ड में बुरी तरह झुलसे बलराम गुर्जर का इंदौर चोईथराम अस्पताल में ईलाज के दौरान बुधवार सुबह निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार पचोर में किया गया. वहीं दूसरी ओर आग से झूलसे अन्य पांच व्यक्तियों का शाजापुर में एवं तीन व्यक्तियों का इंदौर में उपचार चल रहा है.**

गौरतलब है कि चुन्नीलाल मुन्नीलाल पंप पर पेट्रोल भरने के दौरान कथित रूप से एक बाईक में शॉर्ट सर्किट होने से भयंकर आग लग गई थी. गर्म हालत में बाइक लेकर पहुंचा युवक पेट्रोल भरवाने आया. जैसे ही बाइक का ढक्कन खोला गया और नोजल टैंक में लगाया गया, अचानक आग भड़क उठी. केनों में डीजल भरवा रहे लोग जान बचाने के लिए भागने लगे और आग तेजी से फैल गई.

हादसे में रामबाबू शर्मा और रितु शर्मा निवासी चोंडापुरा, धर्मेन्द्र प्रताप भरेड शाहपुर, लतीफ निवासी पचोर, जगदीश धनगर महुआ बोड़ा, मनीष घेरकर पचोर, समंदर भील सरेड़ी, शुभम राजपूत पचोर, अरबाज और अरमान खान पचोर शामिल है. इनमें बलराम, धर्मेन्द्र, लतीफ और जगदीश धनगर को शाजापुर रेफर किया था. बलराम को यहां से इंदौर रेफर किया गया था.

### दुकान से सैलरी लेकर लौट रहे थे, पैसे भी जल गए



मृतक बलराम गुर्जर पुरानी पचोर में रहते है. वे किसान है और साथ ही जेडी मार्केट में एक प्रतिष्ठान पर प्रायवेट काम भी करते थे. उनके दो पुत्र कपिल एवं अर्जुन हैं. रोज की तरह वे शाम के समय जेडी मार्केट स्थित दुकान से जल्दी निकल गए थे. उन्हें पेट्रोल भरवाना था इसलिए वे शॉर्ट कट रास्ते से पंप तक पहुंच गए. मिलने जुलने वालों के अनुसार आमतौर पर वे मण्डी के सामने बस स्टेण्ड होकर निकलते थे. अग्निकाण्ड हादसे में वे सबसे ज्यादा झुलसे थे.

### एक नजर में

#### बिजली समस्याओं के निराकरण शिविर आज

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 13 मई, का.** नगर में आज स्थानीय शहीद कॉलोनी में विद्युत विभाग कार्यालय के समीप प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विद्युत वितरण कम्पनी के द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा. जबकि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आज ग्राम कीलखेड़ा स्थित पंचायत भवन में संपर्क अभियान शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर में ग्राम कीलखेड़ा, सिंदुरिया ,सांडाहेड़ी,नारायण घाटा,कुंडीबे , कोलुखेड़ी, चाठा, बाजपुरा, मोई, कंसोर खुर्द, कंसोरकला, डोबडा,बापची,आम्बा,खानपुरा, अरनिया ग्रामों के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा . शिविर में 5 रुपये वाले घरेलू कनेक्शन के नए आवेदन लिए जाएंगे, लो-वोल्टेज/हाई-वोल्टेज की समस्या, टूटे/झुके बिजली पोल एवं ढीले तार बदलने की, गलत रीडिंग, अधिक बिल, मीटर संबंधी शिकायते, कृषि पंप कनेक्शन से संबंधित समस्याएं सुनी जाएंगी .

#### केपीआई मॉनिटरिंग से होगी समीक्षा

**राजगढ़ 13 मई, का.** मुख्यमंत्री किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत प्रारंभ किए गए मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड के प्रभावी संचालन एवं योजनाओं की प्रगति की सतत समीक्षा हेतु कलेक्टर डॉ . गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले के सभी संबंधित विभागों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए . कलेक्टर ने कहा कि डैशबोर्ड के माध्यम से योजनाओं की के .पी .आई . आधारित मॉनिटरिंग, योजनाओं की प्रगति समीक्षा, जिलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा ऑनलाइन डाटा एंट्री एवं सत्यापन सुनिश्चित किया .



# सारंगपुर एसडीएम के खिलाफ वकीलों ने कलेक्टर से की शिकायत

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 मई, का. नगर के अभिभाषकों ने बुधवार को सारंगपुर एसडीएम के विरूद्ध कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मोर्चा खोल दिया. मामले में अभिभाषक से फोन पर अभद्रता करने और एफआईआर की धमकी का आरोप लगाया गया है.**

जानकारी के अनुसार रमेशचंद्र धाकड़ अधिवक्ता जिला न्यायालय राजगढ़ ने कलेक्टर को शिकायती आवेदन में कहा कि सारंगपुर के एसडीएम द्वारा उनके साथ फोन पर अभद्रतापूर्ण व्यवहार, अपमानजनक अमर्यादित भाषा और एफआईआर की धमकी दी है. मामला 7 मई का है. जब रमेशचंद्र धाकड़ ने किसी प्रकरण को लेकर एसडीएम सारंगपुर से फोन पर बात करनी चाही. एसडीएम ने फोन रिसीव नहीं किया. लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने अधिवक्ता रमेशचंद्र धाकड़ को फोन किया. रमेशचंद्र धाकड़ ने लिखित शिकायत में कहा कि उनसे एसडीएम ने परिचय पूछा जिस पर उन्होंने अपना नाम बताया और किसी प्रकरण के सर्च वारंट से संबंधित जानकारी चाही. इस पर एसडीएम ने अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि तुमको इतनी अकल नहीं है, वारंट मेरे द्वारा जारी किया गया है, तुमने मुझे फोन कैसे लगाया. तुम जाहिल हो. अधिवक्ता का कहना है कि उनके जीवन में यह पहला अवसर था जब वारंट के संबंध में प्रकरण मिला. मामले में अधिवक्ता ने अपने सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए निष्पक्ष जांच के साथ कार्यवाही की मांग की गई है.

### जिला बदर की कार्यवाही हेतु अपराधी को नोटिस जारी

**राजगढ 13 मई, का.** पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी की ओर से आद्यतन अपराधी के प्रकरण जिला बदर कार्यवाही हेतु प्राप्त हुए है. प्राप्त प्रतिवेदन में बताया गया की अनावेदक जितेंद्र मालवीय पिता गोकुलप्रसाद मालवीय द्वारा वर्ष 2015 से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की जानकारी मिली है. साथ ही अनावेदक के विरुद्ध थाना पचोर में मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना एवं महिलाओं के साथ छेड़छाड़ जैसे अपराध घटित करते आ रहा है. अनावेदक के विरुद्ध थाना पचोर में कुल 5 अपराध एवं थाना सारंगपुर में 1 अपराध पंजीबद्ध है.

# जिपं अध्यक्ष के साथ धरने पर बांकपुरा के किसान, राज्यमंत्री पहुंचे मिलने

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 मई, का.** ग्राम बांकपुरा में पट्टे की जमीनों की अनुचित तरीके से रजिस्ट्री के आरोप लगाते हुए विरोध में आयोजित विशाल किसान महापंचायत में किसानों, युवाओं एवं ग्रामीणजनों से जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने व्यापक संवाद किया. महापंचायत में सर्वसम्मति से यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया कि बांकपुरा सहित आसपास के गाँवों की एक इंच भूमि भी दिलीप बिल्डकॉन या किसी अन्य निजी कंपनी को नहीं दी जाएगी. किसान अपनी जमीन बचाने के लिए पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ खड़ा है. गाँव की ज़मीन गांव में रहेगी और किसान की ज़मीन किसान के पास ही रहेगी. यदि किसानों की आवाज़ को अनसुना किया गया, तो पूरे क्षेत्र का किसान लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा जनआंदोलन खड़ा करने के लिए बाध्य होगा. इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण धरना स्थल पर शामिल हुए.

ब्यावरा विधानसभा के ग्राम बाँकपुरा में प्रदेश के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने किसानों के बीच पहुँचकर उनसे संवाद किया और ग्रामीण क्षेत्र की जमीनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को अधिकारियों के साथ गंभीरतापूर्वक सुना. जमीन से जुड़ी समस्याओं को लेकर मंत्री श्री पंवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए, ताकि ग्रामीणों को समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान मिल सके. इस दौरान ब्यावरा एसडीएम श्री गोविंद कुमार दुबे , तहसीलदार आनंद जयसवाल सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे.



# खिलचीपुर और छापीहेड़ा बीएमओ के खिलाफ कमिश्नर को पत्र लिखा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 मई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई.** कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एमएलसी मेडलीपार पोर्टल की समीक्षा के दौरान जिला औसत से कम प्रकरण निराकरण पाए जाने पर संबंधित सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के सात दिवस के वेतन काटने के निर्देश दिए गएस वहीं छापीहेड़ा एवं खिलचीपुर के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के विरुद्ध आयुक्त कार्यालय को पत्राचार कर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए. मेडलीपार प्रकरणों में खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई. बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने सट्टा गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी तथा संबंधित आरोपियों को थानों से रिलीव नहीं किया जाएगा.


### कर्मचारियों की आवश्यकता हैं

हॉस्टल के लिए चौकीदार, खाना बनाने वाली बाई एवं वार्डन की आवश्यकता है . वेतन योग्यता अनुसार . रहना खाना फ्री .

**संपर्क –** के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल राजगढ़ **मोबाइल 9827869751 बिल 22 मई**







**नशा** — शराब की बड़ी खेप पकड़ाई, ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही जारी

# चार गांवों में आबकारी विभाग की दबिश, 6 प्रकरण बनाए

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 13 मई, सं. क्षेत्र में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है. कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के सख्त निर्देशों के पालन में जिला आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध शराब माफियाओं पर बडी कार्रवाई की गई है.**

जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के मार्गदर्शन एवं वृत्त प्रभारी शैलेंद्र वर्मा के नेतृत्व में आबकारी दल ने विभिन्ना संदिग्ध क्षेत्रों में छापेमारी की. 12 मई को सारंगपुर क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर टीम ने ग्राम पदमपुरा, हथाईखेडा, लालपुरा झाला एवं पाडल्याखेडी में चिन्हित संदिग्ध स्थलों पर अचानक दबिश दी.



आबकारी विभाग की इस प्रभावी कार्रवाई के दौरान कुल 6 आपराधिक प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत पंजीबद्ध किए गए हैं। छापेमारी के दौरान टीम ने भारी मात्रा में अवैध मदिरा बरामद की, जिसमें प्लेन मदिरा 102 पाव कुल 18.36 बल्क लीटर, मसाला मदिरा 53 पाव कुल 9.54 बल्क लीटर, बीयर 32 केन कुल 16.0 बल्क लीटर जब्त की गई. विभाग द्वारा अवैध सामग्री को विधिवत जब्त कर राजसात करने की प्रक्रिया की गई. इस पूरी योजनाबद्ध कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मुख्य भूमिका रही। जिसमें वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे, वृत्त खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, मुख्य आरक्षक मोहन यादव, आरक्षक गौतम लोधी, रत्नेश परिहार और राशिका साहू ने अत्यंत सक्रिय और सराहनीय योगदान दिया. सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के अभियान निरंतर जारी रहेंगे ताकि नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके.

### 10 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी धराया

**छापीहेड़ा/सण्डावता 13 मई, सं .** पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की गई . बीते 11 मई को थाना छापीहेड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था . इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर संडावता तरफ से सफेद रंग की बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी पर दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर खुजनेर की ओर जा रहे थे . थाना प्रभारी उमा शंकर मुकाती द्वारा टीम के साथ घेराबंदी कर सोनखेड़ा जोड़ पर चैकिंग की . पुलिस को देखकर दोनों संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगे, किन्तु पुलिस टीम ने तत्परता, सूझबूझ एवं साहस का परिचय देते हुए घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया . गिरफ्तार आरोपी लखन पिता घीसूलाल शर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी विगनोदीपुरा थाना सारंगपुर और मांगीलाल पिता बनेसिंह तंवर, उम्र 25 वर्ष, निवासी छोटी मेहरी थाना लीमाचौहान को 10 .58 ग्राम अवैध स्मैक कीमत 70 हजार व एक बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी कीमती लगभग 50 हजार के साथ गिरफ्तार किया है . पूछताछ के दौरान आरोपी लखन शर्मा ने 09 मई को शनि मंदिर एवं पंचमुखी मंदिर की दान पेटियों के ताले तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया . आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 3,805 रूपए भी जप्त किए गए हैं .


**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म .प्र .**
**क्र/4550 / प्रवा-2/विवाह पंजी /2026, राजगढ़, दिनाक 12/5/2026**

**विज्ञप्ति**

आवेदक श्री मोहित यादव पिता जगदीश यादव निवासी वार्ड नम्बर 12, तलेन, तहसील, पचोर जिला राजगढ़ म.प्र. एवं आवेदिका संगीता मालवीय पिता कालूराम मालवीय निवासी तलेन तहसील पचोर जिला राजगढ़ म.प्र. के द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टी के लिए विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निवेदन किया है. आवेदन पत्र पर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् विवाह पंजीयन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा-6 (3) के तहत् सूचना के प्रकाशन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर या दिनांक 11/06/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थिति होकर या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है. उक्त अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा.आज दिनांक 12/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर से विज्ञप्ति जारी की गयी.

**अपर कलेक्टर एवं विवाह पंजीयन अधिकारी जिला राजगढ़ म.प्र.**



**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

**विशेष** जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026